लोक सभा अध्यक्ष के नेतृत्व वाले भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के दो सदस्य अंतर संसदीय संघ की महत्वपूर्ण समितियों के लिए निर्वाचित हुए ।

हनोई (वियतनाम) 29 मार्च, 2015 : माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमण्डल हनोई (वियतमनाम) में आयोजित की जा रही अंतर संसदीय संघ की 132 वीं सभा में भाग ले रहा है । पहले दिन, शिष्टमण्डल ने अंतर संसदीय संघ के एशिया पैसिफिक जिओ पोलिटिकल ग्रुप, जिसका भारत सदस्य है, की बैठक में भाग लिया । बैठक के दौरान, अध्यक्ष ने अंतर संसदीय संघ की 132 वीं सभा के दौरान महत्वपूर्ण समितियों में भरे जाने वाले रिक्त पदों के लिए नामों का प्रस्ताव रखा । इस संबंध में,अंतर संसदीय संघ की शान्ति और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी पहली स्थायी समिति के ब्यूरो के लिए लोक सभा सदस्य, श्री राज कुमार सिंह तथा अंतर संसदीय संघ की सतत विकास, वित्त और व्यापार संबंधी दूसरी स्थायी समिति के ब्यूरो के लिए लोक सभा सदस्य, श्री नागेन्द्र सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा गया ।

तत्पश्चात,अंतर संसदीय संघ के भारत समूह से संसद सदस्य, श्री राज कुमार सिंह और संसद सदस्य, श्री नागेन्द्र सिंह सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए । ये दोनों सदस्य चार वर्ष की अवधि अर्थात 2018 तक इन दोनों महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य रहेंगे और समितियों की कार्यसूची तैयार करने और इसके कार्यकरण में सहयोग करेंगे। अंतर संसदीय संघ की सांविधिक सभाओं में भारत की सार्थक भागीदारी के दौरान पहली बार ऐसा हुआ है कि इसके दो संसद सदस्य एक कार्यरत अंतर संसदीय संघ सभा की दो स्थायी समितियों के ब्यूरो में निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं । दोनों निर्वाचित सदस्यों ने

अध्यक्ष को धन्यवाद दिया और समितियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए अथक प्रयास करने का वादा किया ।